
# II. वित्तीय निष्पादन

## आस्तियां एवं देयताएँ

आपके बैंक की कुल आस्तियां मार्च 2019 के अंत में ₹36,80,914.25 करोड़ थीं, जो मार्च 2020 के अंत में 7.35% बढ़कर ₹39,51,393.92 करोड़ हो गईं। इस अवधि में ऋण संविभाग 6.38% की वृद्धि के साथ ₹21,85,876.92 करोड़ से बढ़कर ₹23,25,289.56 करोड़ हो गया। निवेश ₹9,67,021.95 करोड़ से 8.27% बढ़कर मार्च 2020 के अंत में ₹10,46,954.52 करोड़ हो गए। अधिकतर निवेश घरेलू बाजार में सरकारी प्रतिभूतियों में किए गए हैं।

आपके बैंक की कुल देयताएँ (पूंजी और आरक्षित निधियों को छोड़कर) 7.50% बढ़ीं। ये 31 मार्च 2019 को ₹34,60,000.42 करोड़ थीं, जो 31 मार्च 2020 को ₹37,19,386.49 करोड़ हो गईं। जमाराशियाँ 31 मार्च 2019 की स्थिति के अनुसार ₹29,11,386.01 करोड़ से 11.34% बढ़कर 31 मार्च 2020 को ₹32,41,620.73 करोड़ हो गईं। उधारियाँ 31 मार्च 2019 के अंत के स्तर ₹3,14,655.65 करोड़ से 21.92% वृद्धि के साथ मार्च 2020 के अंत को ₹4,03,017.12 करोड़ हो गईं।

### आस्तियों पर प्रतिलाभ





## शुद्ध ब्याज आय

शुद्ध ब्याज आय 11.02% वृद्धि के साथ वित्त वर्ष 2019 के स्तर ₹ 88,348.87 करोड़ से वित्त वर्ष 2020 में ₹ 98,084.83 करोड़ पर जा पहुंची। कुल ब्याज आय वित्त वर्ष 2019 के ₹ 2,42,868.65 करोड़ से वित्त वर्ष 2020 में ₹ 2,57,323.59 करोड़ हो गईं, इस प्रकार इसमें 5.95% की वृद्धि दर्ज हुई।

कुल ब्याज व्यय वित्त वर्ष 2019 में ₹ 1,54,519.78 करोड़ था, जो वित्त वर्ष 2020 में ₹ 1,59,238.77 करोड़ हो गया। वित्त वर्ष 2020 में जमाराशियों पर ब्याज व्यय में पिछले वर्ष की तुलना में 5.08% वृद्धि दर्ज हुई।

### शुद्ध ब्याज आय

(₹ करोड़ में)




## ब्याज इतर आय एवं व्यय

वित्त वर्ष 2019 में ब्याज-इतर आय में 22.97% की वृद्धि हुई। वित्त वर्ष 2019 में यह ₹ 36,774.89 करोड़ थी और वित्त वर्ष 2020 में यह ₹ 45,221.48 करोड़ हो गईं। वर्ष के दौरान आपके बैंक को भारत में और विदेश में अनुषंगियों और संयुक्त उद्यमों से लाभांश के रूप में ₹ 212.03 करोड़ (वित्त वर्ष 2019 में ₹ 348.01 करोड़) और निवेशों की बिक्री से लाभ के रूप में ₹ 8,575.65 करोड़ (वित्त वर्ष 2019 में ₹ 3,146.86 करोड़) की आय हुई।

**22.97%**
ब्याज इतर आय में
वर्षानुवर्ष वृद्धि

**हमारा बैंक उद्यमशील बैंक है, जो नवोन्मेषन, प्रौद्योगिकी एवं पहुँच के जरिए परिणाम देता है। हम अपने सभी हितधारकों के लिए चिरस्थायी मूल्य सृजित करने हेतु अपने तुलनपत्र को मजबूत करने पर अधिक ध्यान दे रहे हैं।**


## परिचालन लाभ

आपके बैंक का परिचालन लाभ वित्त वर्ष 2020 में ₹ 68,132.61 करोड़ रहा, जो वित्त वर्ष 2019 में ₹ 55,436.03 करोड़ (इसमें वित्त वर्ष 2020 की ₹ 6,215.64 करोड़ एवं वित्त वर्ष 2019 की ₹ 1,560.55 करोड़ की असाधारण मद शामिल हैं) था। आपके बैंक को वित्त वर्ष 2019 के निवल लाभ ₹ 862.23 करोड़ की तुलना में वित्त वर्ष 2020 में ₹14,488.11 करोड़ का लाभ हुआ।

**1580%**
शुद्ध लाभ में
वर्षानुवर्ष वृद्धि

### परिचालन लाभ

(₹ करोड़ में)



## प्रावधान एवं आकस्मिकताएँ


**वित्त वर्ष 2020 में किए गए प्रमुख प्रावधान निम्नलिखित हैं :**

वर्ष के दौरान अनर्जक आस्तियों के लिए ₹ 42,775.96 करोड़ (वित्त वर्ष 2019 में ₹ 54,529.06 करोड़) का प्रावधान और निवेश मूल्यह्रास के संबंध में ₹ 538.55 करोड़ (वित्त वर्ष 2019 में ₹ 762.09 करोड़ के प्रावधान की तुलना में) अपलेखन किए गए।

**83.62%**
वित्त वर्ष 2020 के लिए
प्रावधान कवरेज अनुपात

**प्रावधान कवरेज अनुपात**

(औका सहित)




## आरक्षित निधियाँ एवं अधिशेष

सांविधिक आरक्षित निधियों में ₹ 4,346.43 करोड़ (वित्त वर्ष 2019 में ₹ 258.67 करोड़ की तुलना में) अंतरित किए गए। पूंजीगत आरक्षित निधियों में ₹ 3,985.84 करोड़ (वित्त वर्ष 2019 में ₹ 379.21 करोड़ की तुलना में) अंतरित किए गए। निवेश आरक्षित राशियों में ₹ 302.26 करोड़ (वित्त वर्ष 2019 में ₹ 371.84 करोड़ के अंतरण की तुलना में) आहरित की गईं। ₹ 183.50 करोड़ (वित्त वर्ष 2019 के ₹ 194.05 करोड़ की तुलना में) की राशि पुनर्मूल्यांकित आरक्षित निधियों से सामान्य आरक्षित निधि में अंतरित की गई। ₹ 1,119.88 करोड़ की राशि (वित्त वर्ष 2019 के शून्य की तुलना में) निवेश उतार-चढ़ाव आरक्षित निधि में अंतरित की गई।

## भारतीय लेखा मानकों (IND AS) को लागू करने में प्रगति

प्रबंध निदेशक (दबावग्रस्त आस्तियां, जोखिम एवं अनुपालन) की अध्यक्षता में गठित स्थायी समिति बैंक में भारतीय लेखा मानकों को लागू करने की निगरानी कर रही है। आपका बैंक भारतीय लेखा मानकों को लागू करने के लिए पहले से ही तैयार है। पर भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा अगली सूचना तक बैंकों में भारतीय लेखा मानकों को लागू करना आस्थगित किया गया है।

